# वेतन न मिलने पर नपा कर्मचारियों ने दिया धरना

## किया हंगामा, लगाए नारे, नगर पालिक निगम एक माह का वेतन देने को तैयार



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर पालिक निगम की माली हालत इतनी अधिक खराब हो गई है कि कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे ही नहीं है। जबकि नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा में ऐसी स्थिति दीपावली के समय कभी निर्मित नहीं हुई। बताया जाता है कि कर्मचारी नेता और कर्मचारियों ने 28 अक्टूबर को दिन भर हंगामा किया और आयुक्त के पहुंचने के बाद भी नारेबाजी की गई। बताया जा रहा है कि एक माह का वेतन कर्मचारियों को देने के लिए निगम प्रबंधन तैयार हो गया है।

बताया जाता है कि नगर पालिक निगम में सैकड़ों की संख्या में ठेकेदार कार्यरत है। रजिस्टर्ड और गैर रजिस्टर्ड और इनका भुगतान भी समय समय पर किया जाता है, परंतु नगर पालिक निगम की माली हालत क्यों ऐसी हुई इसके पीछे का कारण बताया जाता है कि शासन के द्वारा बाजार टैक्स और अन्य टैक्स बंद कर दिए गए है।

इसके पूर्व चुंगी भी समाप्त कर दी गई है जिससे नगर पालिक निगम के आर्थिक स्रोत में केवल संपत्ति कर, दुकान किराया आता है।

इसके अलावा नगर पालिक निगम आय के स्रोत के लिए दुकानों का निर्माण कर नीलाम कर राशि वसूलती थी। परंतु इस समय नगर पालिका निगम की हालत अत्यंत दयनीय है जिसके कारण वेतन के लाले पड़ रहे है। बावजूद इसके वसूली अभियान चलाकर एक माह का वेतन दिया जा रहा है ऐसी जानकारी मिली है। और महापौर ने भी आश्वासन दिया है।

# 12 अवैध कॉलोनियां घोषित करने का आदेश जारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आयुक्त नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा द्वारा अंतत: 12 कॉलोनियों को अवैध घोषित करने का आदेश जारी कर दिया है जिससे कॉलोनाईजरों में तथा आवैध रूप से प्लाटिंग कर व्यवसाय करने वाले लोगों में हड़कम्प व्याप्त है।

नगर पालिक निगम द्वारा मिली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि मौजा झण्डा में रणजीत कुमार पिता फुंदू धुर्वे की कॉलोनी को अवैध घोषित किया गया है।

इसी प्रकार सुनील कराड़े पिता काशीनाथ कराड़े परतला, सर्किला पति झनकलाल खजरी रयसिंग श्रीरामगोपाल पिता मेहतू पोआमा, प्रियंका पति सेवक यादव छिन्दवाड़ा खास, मोहम्मद जैद अहमद पिता फिरोज मौजा खजरी, टीनू पिता महादेव आलोनकर सोनाखार, दिनेश पिता सराफत खान खजरी, अनुप्रभा श्रीवास्तव अमिय श्रीवास्तव, अनिदिता श्रीवास्तव, अमरदीप परसवानी परतला, देवेन्द्र पिता आधार सिंह रघुवंशी मौजा झण्डा, दुर्जनसिंह पिता किसनलाल परधान सिवनीप्राणमोती, उत्तम साहू पिता गणेशप्रसाद साहू खजरी को भी अवैध घोषित किया गया है।

इन सभी की 12 कॉलोनियों को अवैध घोषित करते हुए आदेश पारित किया गया है जिसको लेकर प्रापर्टी डिलिंग का काम करने वाले और कॉलोनी बनाकर मकान, प्लाट बेचकर कार्य करने वाले व्यक्तियों में हड़कम्प व्यापत हो गया है।

खबर यह भी है कि कृषि योग्य भूमि बगैर डायवर्टेड के कुछ लोगों ने एकल पद्धति से एक एक प्लाट काटकर विक्रय किया गया है उसकी भी जांच की जा रही है जिसमें चंदनगांव, सर्रा, ईमलीखेड़ा, पोआमा, झण्डा, खैरीभोपाल, सोनाखार, सोनपुर, कबाड़िया, खजरी, पाठाढाना, शिक्षक कॉलोनी, सुभाष कॉलोनी के आसपास साबलेवाडी आदि ईलाके में जांच होगी की खबर है।

## सार-समाचार

### आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि पवन नेमा हुईं शोध पत्र प्रस्तुतीकरण के लिये सम्मानित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा जिले के नाम एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। जिले की जानी मानी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि पवन नेमा का चयन जननी-कागोफ वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 2024 मे उत्कृष्ठ शोध पत्र प्रस्तुतीकरण के लिये सम्मानित किया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर में बंधत्व एवम जन्मजात विकृति से बचाव हेतु बीज संस्कार जैसे वैश्विक स्तरीय विषय का चयन कर आयुर्वेद के क्षेत्र मे बड़ी उपलब्धि हासिल की है जिसमें छिन्दवाड़ा से आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. रश्मि पवन नेमा का चयन हुआ है। योग प्रशिक्षक डॉ. पवन नेमा सहित जिले के आयुर्वेद जगत ने डॉ. रश्मि नेमा को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। डॉ. रश्मि नेमा ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय परिवार और गुरुजनो के मार्गदर्शन को दिया है।

### माय भारत पोर्टल की पहली वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** क्षेत्रीय निदेशालय एन.एस.एस. एवं राज्य एन.एस.एस. अधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार छिंदवाड़ा जिले के एन.एस.एस. के जिला संगठक प्रो. रविंद्र नाफड़े के मार्गदर्शन में डेनियलसन डिग्री कॉलेज छिंदवाड़ा, बालाजी पब्लिक स्कूल छिंदवाड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जाम, आर्ट एंड कॉमर्स कॉलेज चौरई की एन.एस.एस. इकाई द्वारा माय भारत पोर्टल शुभारंभ की पहली वर्षगांठ पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेवकों को सेवा से सीखों कार्यक्रम के अंतर्गत अस्पताल में सेवा कार्य करते हुए मरीजों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। इसी कड़ी में पुलिस थाने में जाकर कार्य प्रणाली को जाना। महाविद्यालय के स्वयं सेवकों द्वारा सड़क सुरक्षा के अंतर्गत यातायात व्यवस्था में ट्रैफिक पुलिस का स्वयंसेवकों द्वारा सहयोग भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती सपना शर्मा, नरेश जोशी, राम रतन सनोडिया, भास्कर लोखंडे, एस.आर. शेरके एवं एन.एस. एस. वॉलिंटियर कु. महिमा यादव, हर्ष गुप्ता, यश मालवीय, अमन वर्मा, अतुल मसराम, चंचलेश वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

### सांसद ने जिलेवासियों को दीं धनतेरस की शुभकामनाएं

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** हर साल कार्तिक माह में दीवाली का पर्व बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि पर धनतेरस का त्यौहार आता है। इस बार यह पर्व आज 29 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस खास अवसर पर शुभ चीजों की खरीददारी करने के साथ ही भगवान धन्वन्तरि की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है। सांसद बंटी विवेक साहू ने छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा की समस्त जनता को धनतेरस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

### महगाई भत्ता नहीं मिलने से कर्मचारियों में असंतोष

**गाडरवारा, देशबन्धु।** प्रदेश के साढ़े सात लाख कर्मचारियों को जनवरी- 2024 से चार प्रतिशत तथा जुलाई 2024 से तीन प्रतिशत महगाई भत्ता नहीं मिलने से कर्मचारियों मे असंतोष हैं। मप्र अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक अधिकारी कर्मचारी संगठन जिला नरसिंहपुर के जिला अध्यक्ष बद्री प्रसाद कौरव ने बताया कि मप्र के कर्मचारियों को सरकार ने वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए आपने कर्मचारियों को महगाई भत्ता देने के लिए बजट में 64 प्रतिशत की दर से राशि रखने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मांग की है कि दीपावली के पूर्व 7 प्रतिशत महगाई भत्ता के साथ पूर्व माह का एरियर्स का भुगतान कराने के आदेश जारी करें।

# स्वच्छता अभियान में कार्य करने वाले बीएसडब्ल्यू, एमएसडब्ल्यू के छात्रों को दिया गया प्रमाण पत्र

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** बिछुआ को स्वच्छ ओर सुंदर बनाने स्वच्छता ही सेवा है की परिकल्पना को साकार करने के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड बिछुआ के द्वारा सेवा ही स्वच्छता कार्यक्रम पखवाड़ा के रूप मे स्वाभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन मे जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्ग दर्शन मे अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अपनी विशेष भूमिका निभाने वाले छात्रों को कार्यक्रम मे आमंत्रित मुख्य अतिथि के रूप मे सनराईस पब्लिक स्कूल के संचालक सुनील चौरागड़े, विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम, नवांकुर संस्था मानव जल कल्याण समिति के सचिव मनोज जैन के हस्ते प्रमाण पत्र दिया गया।


परामर्शदाता श्यामल राव ने बताया की स्वच्छता पखवाड़े के दौरान बिछुआ के सेक्टर क्रमांक 1 के 12 ग्रामो मे संवाद, वृक्षारोपण, सफाई कार्य, शपथ, रैली, पोस्टर, पेंटिंग, स्वच्छता केप का वितरण एवं ग्रामो मे बिखरे प्लास्टिक पन्नी का एकत्रित करण जैसे कार्य सम्पादित किया गया। पखवाड़े के दौरान सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले परामर्शदाता श्यामल राव सहित 11 छात्रो में एम.एस. डब्ल्यू. के छात्र मदन डिगरसे, जितेंद्र बंदेवार, फूलवती नौरे, प्रीति साहू, ज्योति धुर्वे, शिवानी चौरिया, राजवती उईके, यश्विनी बाचेकर, दीपिका कड़वे, उर्वशी तुमड़ाम, रायवती भलावी को नगर पालिका बिछुआ के अध्यक्ष रामचंद्र बोबड़े, उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे, नगर पालिका के सी.एम.ओ. श्री मरावी द्वारा प्रदत्त स्वच्छता के प्रमाण पत्र अतिथि के हस्ते दिया गया।

कार्यक्रम मे उपस्थित मुख्य अतिथि सनराईस पब्लिक स्कूल के संचालक सुनील चौरागड़े ने अपने सम्बोधन मे कहा की बी. एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस.डब्ल्यू. में अध्ययनरत छात्र, समाज सेवा के क्षेत्र में बढ चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वच्छता जैसे अहम कार्यों पर कार्य कर आमजनों को समाजसेवा का नुख्से सिखा रहे है जिन्हें आज सम्मानित कर छात्रों का मनोबल बढ़ाने का कार्य जन अभियान परिषद कर रहा है।

जन अभियान परिषद के विकास खंड समन्वयक दीपक गेडाम ने अपने सम्बोधन मे कहा की बी.एस.डब्ल्यू. व एम.एस. डब्ल्यू के छात्रो का वरदन करने के लिए आपके द्वारा यह सम्मान कार्यक्रम किया गया है जो दूसरो छात्रो के लिए प्रेरणा दायक साबित होगा । आयोजन को सफ्ल बनाने मे परामर्शदाता लक्ष्मी धर माहोरेए योगेश बोपटेएजमुना चौरियाए रामराज्य वर्मा का सराहनीय सहयोग रहा।



# एक नवम्बर को मनेगा महावीर निर्वाण महोत्सव, जैन मंदिर में चढ़ेंगे निर्वाण लाडू



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** आगामी कार्तिक कृष्ण अमावस्या शुक्रवार 1 नवंबर को सकल जैन समाज के साथ मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन वर्तमान शासन नायक अहिंसा के प्रणेता 24 वें तीर्थंकर 1008 महावीर भगवान का 2550 वां निर्वाण महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा।

फेडरेशन सचिव दीपक राज जैन ने बताया कि कार्तिक कृष्ण अमावस्या के शुभ दिन प्रात: काल की मंगल बेला पर पावापुरी से श्री वीर प्रभु को निर्वाण एवं उनके मुख्य गणधर गौतम स्वामी को केवलज्ञान की प्राप्ती हुए थी।

इसकी खुशी में श्री आदिनाथ जिनालय गोल गंज में प्रात: 7 बजे से श्री जिनबिंब प्रक्षालन, 7.15 से श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री महावीर पूजन, श्री गौतम स्वामी पूजन के साथ निर्वाण काण्ड पढ़कर मोक्ष कल्याणक का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया जावेगा।

पश्चात श्री वीर प्रभु के 2550 में मंगलकारी निर्वाण महोत्सव की खुशी में मंडल, फेडरेशन, प्रियकारणी मंडल एवं वीतराग विज्ञान पाठशाला के जिनशासन सेवकों द्वारा मंगलगान के साथ नगर के समस्त दिगंबर जिनालयों सहित चैत्यालयों की सामूहिक वंदना कर निर्वाण लाडू चढ़ाकर मोक्ष कल्याणक की शुभकामनाएं दी जावेगी। जिसमें सकल जैन समाज से धर्म लाभ लेने की अपील मंडल एवं फेडरेशन द्वारा की गई है।

### बंद रहेंगे पशु वध गृह

निगम आयुक्त सी.पी. राय ने बताया बताया कि अहिंसा धर्म का पालन करते हुए तीर्थंकर महावीर भगवान के निर्वाण महोत्सव के शुभ दिन छिंदवाड़ा के समस्त पशुवध गृह, मटन मार्केट, मांस-मछली आदि की सम्पूर्ण दुकानें पूर्णत: बंद रहेंगी।

इससे इस महापर्व पर छिंदवाड़ा में किसी भी प्रकार के जीवों की हिंसा न हो इस हेतु प्रदेश शासन के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा आदेश जारी किया गया है। जिसके लिए सकल जैन समाज सहित युवा संगठनों ने नगर पालिक निगम का आभार व्यक्त कर जिले वासियों से जीव दया के साथ सर्वोदय अहिंसा की अपील की गई है।

# शेषनाग महाकाली धाम में देवी की स्थापना आज, 12 को होगा विसर्जन



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस 16 वें वर्ष भी श्री शेषनाग महाकाली धाम, वार्ड नंबर 18 सुक्लुढाना, छिंदवाड़ा में अयोध्या की महारानी का आज आगमन होगा।

उत्काशय की जानकारी समिति के सत्यम सिंह राजपूत ने देते हुये बताया कि माताजी की स्थापना मंदिर प्रांगण में दीपावली के दिन 29 अक्टूबर 2024 दिन मंगलवार को रात्रि 12 बजे की जायेगी एवं देवीजी की विदाई 12 नवंबर 22 दिन मंगलवार को शाम 3 बजे से स्थानीय छोटा तालाब में विर्सजन किया जायेगा।

उन्होनें बताया कि माताजी का आगमन आज 29 अक्टूबर 2023 दिन शुक्रवार को धनतेरस के दिन देवी प्रतिमा रैली के माध्यम से पातालेश्वर से प्रारंभ होकर महाकाल मंदिरए बड़ी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर, फब्बारा चौक, अमित ठेंगे चौक, यातायात थाना, रैल्वे स्टेशन, कुण्डीपुरा थाना से होते हुये मंदिर प्रांगण पहुँचेगी ।

# कलेक्टर के आदेश दरकिनार कर पीआईओ कर रहा है घटिया निर्माण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** परियोजना यंत्री जिला इकाई छिन्दवाड़ा क्रमांक 12 के द्वारा जिले में आदिवासी विकास विभाग सहित अन्य विभागों के निर्माण कार्यो की एजेंसी है जिसमें खासकर आदिवासी विकास विभाग के भवन और छात्रावासों का निर्माण लम्बे समय से किया जा रहा है। लेकिन गुणवत्ताहीन सामग्री लगाकर ठेकेदारों के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है और इकाई के परियोजना यंत्री सहित सहायक यंत्री और उपयंत्रीगण मनमानी राशि बतौर गिफ्ट के रूप में ठेकेदारों से प्राप्त कर रहे है और जिला कलेक्टर के आदेश को धाता बता रहे है।

चूंकि यह निर्माण कार्य पहले विभागीय तौर से आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा कराया जाता था उनके विभाग में सहायक यंत्री, उपयंत्री हुआ करते थे, अभी भी उपयंत्री कार्यरत है लेकिन शासन स्तर से निर्णय लेकर लोक निर्माण विभाग से पृथक परियोजना यंत्री यानि पी.आई.ओ. कार्यालय का निर्माण किया गया और सारे काम उन्हीं के माध्यम से कराऐं जा रहे है। यही कारण है कि एकाधिकार होने से पी.आई.ओ. के अधिकारी, कर्मचारी बेलगाम होकर निर्माण कार्य कर रहे है जिससे आने वाले समय में छात्रावास जैसे भवन कभी भी पानी से रिसेंगे और फिर धराशाही हो जायेंगे इससे इंकार नहीं किया जा सकता है।

यदि कोई पूछताछ करता है तो जानकारी देने के बजाऐं टेक्निकल कार्य है बताकर पल्ला झाड़ा जा रहा है। ईमानदारी का चोला ओढ़कर पीआईओ की टीम मलाई खा रहा है और निर्माण कार्यो में गुणवत्ताहीन सामग्री लगाकर आश्रम और भवनों का निर्माण कार्य लम्बे समय से किया जा रहा है। यही कारण है कि हाल ही में एक इंजीनियर को रिश्वत लेते हुए लोकायुक्त जबलपुर कार्यालय द्वारा रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है जबकि उक्त इंजीनियर के अलावा उससे भी बड़े मठाधीश बैठे हुए है जो लक्जरी जीवन व्यतीत कर रहे है और गुणवत्तायुक्त निर्माण के लिए कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में सुदूर अंचलों में पी.आई.ओ. पालन नहीं कर रहा है और ठेकेदार घटिया मटेरियल के जरिए निर्माण कार्य कर रहे है जमुनिया जेठू में भी इसी तरह के निर्माण कार्य अभी भी जारी है जिसमें जिला प्रशासन को संज्ञान लेने की आवश्यकता है।



# समय सीमा बैठक में लंबित मामलों पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। उन्होंने विभागवार विस्तृत चर्चा करते हुए समय सीमा में लंबित मामलों पर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

बैठक में सी.एम. हेल्पलाइन, जनसुनवाई, सी.एम. कार्यालय, सी.एम. हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों का विश्लेषण किया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने इन सभी प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया ताकि समय सीमा के भीतर सभी शिकायतों और मामलों का निपटारा हो सके। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि सभी संबंधित विभाग समय-सीमा में अपेक्षित कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

कलेक्टर श्री सिंह ने मातृवंदना योजना में निरंतर प्रगति के लिए निर्देश दिए। इस योजना के अंतर्गत लक्षित लाभार्थियों को समय पर लाभ प्रदान करने का प्रयास सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने को कहा।

## वनाधिकार पट्टेधारियों को चिन्हित कर क्रेडिट कार्ड एक सप्ताह में देना सुनिश्चित करें विभाग



कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जो डॉक्टर अपनी निर्धारित ओपीडी में अनुपस्थित पाए जा रहे हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। इस कदम का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार करना है ताकि मरीजों को नियमित और समुचित चिकित्सा सुविधा मिल सके। बैठक में लोक सेवा अधिनियम के तहत आने वाले सभी आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश दिये गए। सार्वजनिक समस्याओं के समाधान पर जोर. कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि वे जनता की समस्याओं को कम करने के उद्देश्य से काम करें, न कि उनकी समस्याओं को बढ़ाएं। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में जाकर समस्याओं को समझने और उनका समाधान कराने के लिए कहा।

कलेक्टर श्री सिंह ने वनाधिकार पट्टा धारकों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड और पीएम किसान योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगर समयसीमा के भीतर क्रियान्वयन नहीं किया गयाए तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि जिला कलेक्टर द्वारा हर बैठक में निर्देश दिया जाता है लेकिन स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था ज्यों की त्यों लचर बनी हुई है। समय के पहले डॉक्टर्स ओपीडी छोड़कर निकल लेते है चाहे मरीजों की कितनी बड़ी लाईन लगी रहे। बैठक में सी.ई.ओ. जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे, एस.डी.एम. सुधीर कुमार जैन, नगरनिगम आयुक्त सी.पी. राय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, आर.टी.ओ. श्री तेहनगुनिया आदि उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत की बाउंड्रीवाल के लिए किया भूमिपूजन सांसद ने

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। ग्राम पंचायत गुरैया में राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार की सांसद निधि से बनने वाली बाउन्ड्रीवाल का भुमिपूजन सांसद बटी विवेक साहू द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि लंबे समय से ग्राम पंचायत भवन की बिल्डिंग के लिए बाउन्ड्रीवाल के लिए मांग की जा रही थी। पिछले दिनों उक्त संबंध में सांसद बंटी विवेक साहू से ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने मुलाकात कर इसकी मांग की गयी थी। इसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने सांसद कविता पाटीदार से चर्चा कर बाउण्ड्रीवाल के लिए राशि स्वीकृत करने को लेकर चर्चा की थी। जिसके बाद उन्होंने 4 लाख की राशि उक्त निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत की है।

### सार समाचार

## पुरानी रंजिश को लेकर चाचा ने किया भतीजे पर हमला

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कुंडीपुरा थाना क्षेत्र के पुलपुलडोह सुसरई में मक्का भरते समय पुरानी रंजिश को लेकर चाचा और अन्य ने मिलकर भतीते पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद पत्नी की शोरगुल सुनकर मौके लोग पहुंचे। 108 की मदद से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

जानकारी अनुसार आकाश पिता परसराम गढ़ेवाल उम्र 30 वर्ष चंदनगांव के पाठाढाना का रहने वाला है। उसका खेत पुलपुलडोह सुसरई चांद में है। फिलहाल खेत में मक्का लगा हुआ है। चार दिन से वह पत्नी और बच्चों के साथ खेत में रह रहा था। इस दौरान उसने खेत में मक्का तुड़वाकर गाहनी करवाई। सुबह वह आटो में मक्का भरवा रहा था। इस दौरान विनोद गढ़ेवाल, संत्री गढ़ेवाल, आनंद गढ़ेवाल, रोहित और राहुल गढ़ेवाल ने अचानक हमला कर दिया। सभी ने मिलकर तलवार, राड और चाकू से उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जब अस्पताल में जाकर उसे देखा तो उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। उसके सिर में 18 टांके, नाक में सात से आठ टांके और हाथ में सात टांके लगे है। सभी ने उसे मरा हुआ समझकर छोडकर भाग गए। दो घंटे वह खेत में बेहोशी हालत में पड़ा रहा। इतना ही नहीं इस दौरान उसे खून की उल्टियां भी हुई। उसकी पत्नी ने मदद के लिए गुहार लगाई, लेकिन मदद करने कोई नहीं पहुंचा। सूचना पर पहुंची 108 से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। खेत को लेकर पुराना विवाद चला रहा है। पिछली गेहूं की फसल के दौरान विनोद गढ़ेवाल ने घायल से कहा तुझे यहां गेहूं की बोवनी नहीं करने दूंगा। घायल के पीछे कुल्हाड़ी लेकर दौड़ा था। घायल ने जैसे तैसे भागकर अपनी जान बचाई थी।

## छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के खाद्य प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** दीपावली त्यौहार पर खाद्य सुरक्षा के दृष्टिगत कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार सम्पूर्ण छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में राजस्व विभाग, नापतोल विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग एवं आपूर्ति विभाग, पुलिस विभाग की संयुक्त टीमों द्वारा सतत एवं सघन निरीक्षणध् जांच की जा रही है।

इसी तारतम्य में शहर छिंदवाड़ा के अंतर्गत गत दिवस एस.डी.एम. सुधीर जैन एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी गोपेश मिश्रा व राजस्व और खाद्य विभाग स्टाफ द्वारा रंगजी स्वीट्स, अमित स्वीट्स, माधव स्वीट्स के मिष्ठान निर्माण कारखानों पर पहुँचकर आगामी त्यौहार के मद्देनजर मिठाई आदि के निर्माण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया गया। विगत 15 दिवसों से खाद्य सुरक्षा के लिए लगातार हो रही कार्यवाही, निरीक्षण एवं नमूना कार्य के परिणाम स्वरूप अधिकतर मिठाई निर्माण कारखानों में पूर्ण साफ सफाई आदि के साथ खाद्य पदार्थों का निर्माण किया जा रहा है। वहीं अनुविभागीय अधिकारी परासिया के निर्देश पर संयुक्त जांच दल में पुरुषोत्तम भंडूरिया एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार घाघरे द्वारा परासिया, न्यूटन क्षेत्र में निक्की मिष्ठान, बीकानेर मिष्ठान, पंकज मिष्ठान, मनभावन स्वीट्स एवं बाबा स्वीट्स, सूर्यवंशी डेली निड्स आदि का निरीक्षण कर खोवा, केक, मलाई लड्डू का नमूना संग्रहीत किया गया। इसी प्रकार एक अन्य दल में तहसीलदार



पांढुर्णा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री रूपराम सनोडिया द्वारा पांढुर्णा शहर के बिकानेर मिष्ठान, योगेश फूड्स और माहेश्वरी डेरी पर निरीक्षण कर खोवा नमकीन और दूध आदि के नमूने लिए गए। आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी कारोबारकर्ताओं को उनके व्यावसायिक परिसर में साफ एवं स्वच्छ खाद्य पदार्थ के विक्रय एवं निर्माण करने के निर्देश दिए गए ताकि उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो सके।

## दीपावली पर्व के मद्देनजर पटाखा दुकानों का किया गया शुभारंभ

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** । सोमवार को इंदिरा गांधी स्टेडियम ग्राउंड में दीपावली त्यौहार को देखते हुए पटाखा व्यापारीयों की पटाखा दुकानों का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता उत्तम सिंह ठाकुर, राजस्व सभापति आरिफ शाह, भाजपा नेता सतीश संतु साहू, मुकेश सूर्यवंशी सहित सभी फटाका व्यापारी उपस्थित थे। सभी पटाखा व्यापारियों को मीठा खिलाकर शुभकामनाएं दी गई और सभी व्यापारीयों का अधिक से अधिक व्यापार चले ऐसी कामना की गई। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने अपील की है कि पटाखा व्यवसाय रिस्की है सुरक्षा के इंतजाम अवश्य करें, ताकि हानि न हो जाऐं।

## कांग्रेस ने किसानों के लिए मांगा उत्तम किस्म का बीज व पर्याप्त खाद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार कांग्रेस की विधानसभावार बैठकों का दौर लगातार जारी है। आयोजित बैठकों में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के साथ ही आगामी कार्ययोजना भी बनाई जा रही है। इसी क्रम में आज चौरई विधानसभा कांग्रेस की बैठक डी.पी. मिश्रा परिसर में सम्पन्न हुई जिसमें विधानसभा चौरई के नवनियुक्त पदाधिकारियों के बीच संगठनात्मक विषयों को लेकर चर्चा की गई साथ ही आगामी दिवसों के लिये कार्ययोजना तैयार की।

आयोजित बैठक के उपरांत कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम चौरई अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अपनी महत्वपूर्ण मांगों का ज्ञापन प्रस्तुत किया। कांग्रेस ने प्रदेश की भाजपा सरकार व जिला प्रशासन की जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया कि चौरई विधानसभा के अंतर्गत आने वाले चांद, चौरई व बिछुआ क्षेत्र मुख्यत: कृषि प्रधान क्षेत्र है। साप्ताहिक बाजार से लेकर व्यापार व रोजगार कृषि पर निर्भर है। किसानों को





अच्छी आय होती है तभी नगर व शहर की दुकानें संचालित होती है साथ ही व्यापार चलता हैए किन्तु प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा किसानों के साथ लगातार किये जा रहे छलावे से किसान त्रस्त है। अतिवृष्टि से प्रभावित फसलों का मुआवजा अभी तक नहीं मिला साथ ही वर्तमान में बोवनी के लिये पर्याप्त खाद व उत्तम किस्म के बीज की उपलब्धता नहीं है। इसीलिये किसानों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस ने अपने ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से मांग की है कि वर्तमान में गेहूं, चना, मटर सहित अन्य फसलों की बोवनी जारी है, परन्तु क्षेत्र के किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज प्राप्त नहीं हो रहे साथ ही खाद की किल्लत भी बनी हुई है। आगामी एक सप्ताह के भीतर किसानों के लिये पर्याप्त खाद व बीज उपलब्ध कराया जावे ताकि समय पर किसान खाद व बीज का उपयोग कर सकें। समय अवधि में खाद व बीज उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो किसान उग्र आंदोलन के लिये बाध्य होगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही शासन की होगी।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उठा खराब सड़कों का मुद्दा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और यातायात नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया गया।

### राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत पर विशेष निर्देश

बैठक में छिंदवाड़ा-सिवनी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 347 की अत्यंत खराब स्थिति को लेकर चर्चा की गई। इस मार्ग पर बड़े पैमाने पर खराबी होने के कारण आवागमन में वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित विभागों को निर्देश दिये कि मार्ग की मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के साथ 15 नवंबर तक पूरा किया जाए, ताकि इस पर आवागमन सुगम हो सके।

### ई-रिक्शा और ऑटो के आवागमन पर नियंत्रण

सड़क सुरक्षा समिति ने निर्णय लिया कि ई-रिक्शा और ऑटो केवल शहर के भीतर ही चलाए जाएंगे और उन्हें शहर सें अन्य ब्लॉकों में जाने की अनुमति नहीं होगी, जब तक कि उनके पास संबंधित परमिशन नहीं हो।

### बसों के निर्धारित स्थलों पर ही रुकने के निर्देश

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय लेते हुए यह निर्देश दिए गए कि विभिन्न स्थानों से बाहर की ओर प्रस्थान करने वाली यात्री बसों को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी द्वारा जारी किए गए परमिट में उल्लेखित स्थलों पर ही रोका जाए। यह देखा गया है कि बस चालक यात्रियों की सुविधा के लिए बस को विभिन्न स्थानों जैसे मानसरोवर कॉम्पलेक्स, ई,एल.सी. चौराहा, सत्कार तिराहा, इंदिरा गांधी तिराहा और रेलवे स्टेशन पर अनाधिकृत रूप से रोकते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। अब यह सुनिश्चित किया गया है कि बसें केवल परमिट में निर्धारित स्थलों पर ही रुकेंगी। यदि किसी भी बस को निर्दिष्ट स्थलों के अलावा अन्य जगहों पर रोका जाता है, तो उस बस पर जप्ती की कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त यात्रियों की सुविधा हेतु ऑटो रिक्शा की व्यवस्था रहेगी, जो उन्हें निर्धारित यात्री प्रतिक्षालय तक पहुँचाने का कार्य करेंगे।

### अतिक्रमण हटाने के आदेश

सड़क सुरक्षा और यातायात की सुगमता के लिए जिले के कुछ स्थानों पर हो रहे अतिक्रमण पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि बस स्टैण्ड में अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देकर उन्हें शीघ्र ही हटाने की कार्रवाई की जाए ताकि शहर में यातायात सुगम और व्यवस्थित हो सके।

बैठक में आयुक्त नगर निगम सी.पी. राय, कार्यपालन यंत्री छिंदवाड़ा, एम.पी.आर.डी.सी. छिंदवाड़ा, एम.पी.आर.डी.ए. छिंदवाडा के पदाधिकारीगण व अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी यातायात सुधार के विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए।

छाया- शेख अल्फाज

## जिले में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की तैयारियों के संबंध में बैठक

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार जिले में राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 14 वर्ष आयु वर्ग, (बालक / बालिका वर्ग) का आयोजन 3 नवंबर से 6 नवंबर 2024 तक किया जाएगा। इस आयोजन को भव्य रूप देने और समुचित व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

प्रतियोगिता के लिए नोडल अधिकारियों को निर्देश कलेक्टर श्री सिंह ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारी में नियुक्त नोडल अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के दौरान किसी भी प्रकार की कमी न हो और आयोजन गरिमामय तरीके से संपन्न किया जाए। साथ ही उन्होंने आयोजकों को हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये ताकि सभी खिलाड़ी और प्रतिभागी प्रतियोगिता के दौरान किसी भी असुविधा का सामना न करें।

साफ सफाई चिकित्सा और सुरक्षा पर विशेष ध्यान बैठक में कलेक्टर सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रतियोगिता स्थल पर पेयजल, साफ सफाई, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रतियोगिता को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए स्थानीय प्रायोजकों से संपर्क करने का भी सुझाव दिया गया ।

प्रतियोगिता को भव्य रूप देने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रायोजकों से सहयोग प्राप्त करने पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर सिंह ने कहा कि यह आयोजन जिले की प्रतिष्ठा को बढ़ाने का एक अवसर है और सभी संबंधित विभागों को अपने स्तर पर हर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिये।

बैठक में उपस्थित अधिकारीगण बैठक में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अग्रिम कुमार, आयुक्त नगर पालिक निगम सी.पी. राय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी सहित कई अन्य प्रमुख अधिकारी मौजूद थे जिनके द्वारा खेल को लेकर विभिन्न सुझाव दिए गए ताकि स्थानीय खिलाड़ियों को न केवल भाग लेने का मौका मिल सके अपितु मनोबल भी बढ़े।

